सत्यमेव जयते

कार्यालय प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त
O/o Pr. Chief Commissioner of Income Tax
उत्तर प्रदेश(पश्चिम) एवं उत्तराखण्ड
U.P.(West) & Uttarakhand
16/69 आयकर भवन, सिविल लाइन्स, कानपुर–208001
16/69, Aaykar Bhavan, Civil Lines, Kanpur-208001

F.No. Pr.CCIT/Knp/IOutreach Initiative/2017-18/ Dated: - 13-12-2017

प्रेस विज्ञप्ति

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के दिशा निर्देशानुसार आज 13 दिसम्बर, 2017 को प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, पश्चिमी उ0प्र0 एवं उत्तराखण्ड के स्तर पर मचेन्ट चैम्बर आफ कामर्स, सिविल लाइन्स, कानपुर में प्रबुद्व नागरिकों, आयकर दाताओं, अधिवक्ताओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में आउटरीच इनीसिएटिव कार्यक्रम का भव्य आयोजन प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त श्री अभय तायल जी की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें विभिन्न विषयों पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन हुआ । इस आउटरीच कार्यक्रम पर प्रमुख उद्बोधन **माननीय श्री अभय तायल,** प्र0मु0आ0आयुक्त महोदय का रहा, जिसमें उन्होनें इस विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा प्रस्तावित योजनाओं एवं करदाताओं को प्रदत्त सुविधाओं और अधिकारों पर प्रकाश डाला।

इसके अतिरिक्त विचार रखने वाले अन्य प्रमुख वक्ताओं में श्री दुर्गा चरण दास, प्रधान आयकर आयुक्त–प्रथम, श्री भारत भूषण प्रधान आयकर आयुक्त–द्वितीय, श्रीी अमरेन्द्र कुमार प्रधान आयकर निदेशक(जॉच), श्री अतुल मेहरोत्रा अध्यक्ष–कानपुर आयकर अधिवक्ता संघ, श्री विशाल खन्ना–अध्यक्ष–कानपुर चार्टर्ड एकान्टेण्ट सोसाईटी, श्री ~~बी0के0 लाहोटी~~ पदम कुमार जैन पूर्व अध्यक्ष– मर्चेन्ट चैम्बर आफ कामर्स आदि थे।

कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गो के सभी सम्मानित अतिथि, उधोगपति, चिकित्सक, व्यापारीगण, आयकर परिवार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ अनेक गणमान्य नागरिक भारी संख्या में उपस्थित रहें। अन्त में श्री एन0के0 नेब अपर आयकर आयुक्त ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया और उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वह इस कार्यक्रम में जिन विषयों पर चर्चा हुई है, उसकों समाज के विभिन्न वर्गो तक पहुंचायें और उनके कर दायित्वों के सम्बन्ध में जागरूक करें। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री राकेश कुमार, आयकर उपायुक्त, परिक्षेत्र–प्रथम द्वारा किया गया।

भवदीय,
SKV
(एस0के0 वर्मा)
आयकर अधिकारी(मु0 / जनसम्पर्क)
कार्यालय प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त
उत्तर प्रदेश(पश्चिम) एवं उत्तराखण्ड, कानपुर।

सेवा में, श्रीमान् सम्पादक,